सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे रोहित राठौड़ का अवैध मकान ध्वस्त किया

जयपुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्यारे शूटर रोहित सिंह राठौड़ का अवैध मकान ध्वस्त कर दिया गया है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के दस्ते ने गुरूवार को खातीपुरा स्थित सुंदरवन कॉलोनी में पहुंचकर अवैध निर्माण को जे.सी.बी. मशीन की मदद से ढहाया। इस मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। निगम के सतर्कता शाखा और विद्याधर नगर जोन की टीम ने यह कार्रवाई की।

उपायुक्त सतर्कता डॉ. संध्या यादव ने बताया कि अवैध अतिक्रमण की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। सतर्कता टीम ने प्लाट नं. 11 सुंदर नगर स्थित सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में आरोपी रोहित राठौड़ के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि नई सरकार की ओर से बनाई गई एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की निगरानी में यह पहली कार्रवाई की गई है। डीजीपी उमेश मिश्रा ने गैंगस्टरों की अवैध सम्पत्ति को ध्वस्त करवाने के निर्देश दे रखे हैं। आरोपी रोहित राठौड़ मूलतः नागौर के जूसरी निवासी है और हत्याकांड के समय जसवंत नगर में रह रहा था।

आरोपी रोहित राठौड़ हरियाणा निवासी नितिन फौजी के साथ 5 दिसम्बर को श्याम नगर स्थित गोगामेड़ी के आवास पर पहुंचा था। दोनों ने वहां पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे फायरिंग में गोगामेड़ी समेत 3 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि गोगामेड़ी का एक निजी गनमैन व राहगीर गंभीर घायल हो गए थे। कमिश्नरेट पुलिस ने हत्याकांड से संबंधित एक महिला सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में दोनों शूटर व वारदात की साजिश रचने और मदद करने वाले शामिल हैं। इन दोनों बदमाशों को गठित एसआईटी द्वारा दिल्ली पुलिस के सहयोग से 10 दिसंबर को चंडीगढ़ से दस्तयाब किया गया। शूटर रोहित सिंह राठौड़ द्वारा जयपुर के खातीपुरा इलाके में अवैध कब्जे की सूचना मिलने पर इस बारे में ग्रेटर नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया गया था। मुख्य गैंगस्टर रोहित गोदारा व विरेन्द्र चारण पुलिस पकड़ में नहीं आए। गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच एनआईए कर रही है।

जयपुर ग्रेटर नगर निगम के दस्ते ने गुरूवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे शूटर रोहित सिंह राठौड़ के खातीपुरा स्थित सुंदरवन कॉलोनी में अवैध मकान को जे.सी.बी. की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

- नई भाजपा सरकार बनने के बाद गठित एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की निगरानी में यह पहली कार्रवाई है

दीया कुमारी ने सफाई अभियान में भाग लिया

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर मनाये जा रहे सेवा स्वच्छता सप्ताह के तहत गुरूवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 में टीम 9 द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान में सम्मिलित हुई और सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

प्रदेश में 6 नए करोना संक्रमित मिले

जयपुर। प्रदेश में गुरूवार को 6 और नए करोना संक्रमित मिले है। इसके साथ ही राज्य में 36 एक्टिव केस हो गए है। इनमें सबसे ज्यादा 20 संक्रमितों का इलाज जयपुर में चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में गुरूवार को बांसवाड़ा, जयपुर, नागौर, झालावाड़ और सीकर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। वहीं झुंझुनूं और भरतपुर में दो मरीज रिकवर हुए है। इसके साथ ही राज्य में 36 एक्टिव केस मौजूद है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में गुरूवार को 353 सैंपल की जांच की गई। वहीं, राज्य में 1149 सैंपल की जांच की गई।

प्रदेश में पुलिस ने दो दिन में 6568 बदमाश गिरफ्तार किए

- राजस्थान पुलिस की ओर से प्रदेश में बदमाशों की धरपकड़ के लिए तीन दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है
- अभियान के दूसरे दिन गुरुवार को 3696 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया

जयपुर। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद सक्रिय अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के तहत चलाये गये तीन दिवसीय विशेष अभियान के दूसरे दिन गुरुवार को 3696 बदमाशों को गिरफ्तार किए है। दो दिन में साढ़े छह हजार से अधिक बदमाश पकड़े जा चुके है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि अभियान के दूसरे दिन 8900 पुलिसकर्मियों की 2353 टीमों ने अपराधियों के 7912 ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान 3696 बदमाशों को गिरफ्तार किया। मिश्रा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन की निगरानी में प्रदेश भर में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि सभी रेंज आईजी ने समस्त कार्रवाई की मॉनिटरिंग की एवं स्थानीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फील्ड में पुलिस टीमों द्वारा कार्रवाई की गई। प्रदेश में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने दो दिनों में 6568 बदमाशों को गिरफ्तार कर 79 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। गुरुवार की कार्रवाई में 50 प्रकरण दर्ज किए गए है।

एमएन ने बताया कि दूसरे दिन अजमेर रेंज में 466, कोटा रेंज में 540, सीकर रेंज में 142, जोधपुर रेंज में 97, बीकानेर रेंज में 302, जयपुर रेंज में 387, पाली रेंज मे 222, भरतपुर रेंज में 303, बांसवाड़ा रेंज में 229, उदयपुर रेंज में 748, जयपुर आयुक्तालय में 212 और जोधपुर आयुक्तालय में 48 आपराधिक तत्वों की गिरफ्तारी की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर की इस कार्रवाई में सक्रिय आपराधिक गिरोह के सदस्य तथा सोशल मीडिया पर उनके फॉलोवर्स के विरुद्ध कार्रवाई में 94 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 400 हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर और इनामी अपराधी, पांच साल में आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट और फायरिंग की घटनाओं में चालनशुदा अपराधियों में से 637 अपराधी, पांच साल में आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट और फायरिंग की घटनाओं के दर्ज प्रकरणों में 21 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि भूमाफिया, शराब माफिया एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान शुदा अपराधियों में से प्रकरणों में 93 को एवं भूमाफिया, शराब माफिया एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में चालानशुदा अपराधियों में से निरोधात्मक कार्रवाई में 1289 को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि स्थाई वारंटी व उद्घोषित अपराधी एवं 299 के प्रकरणों में 210 को, निरोधात्मक कार्रवाई में 3022 प्रकरणों में 489 को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार गतिविधियों में लिप्त 3696 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

सी.एस.राजन कोटक महिंद्रा बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष नियुक्त



जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान के पूर्व मुख्य सचिव सीएस राजन को 1 जनवरी से दो साल के लिए कोटक महिंद्रा बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। राजन 22 अक्टूबर, 2022 से बैंक के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में थे।

बैंक के बोर्ड के अगले अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में राजन की नियुक्ति मौजूदा अंशकालिक अध्यक्ष प्रकाश आप्टे की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है, जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त हो रहा है।

गर्भवती का फिजिकल बाद में लेने का आदेश

- अदालत ने कहा कि गर्भावस्था एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और महिला से मातृत्व सुख नहीं छीना जा सकता

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती-2023 में गर्भवती और प्रसूता महिला अभ्यर्थियों को राहत देते हुए उनका फिजिकल बाद में लेने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश ममता गुर्जर व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि गर्भावस्था एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और महिला से मातृत्व सुख नहीं छीना जा सकता।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने गत 3 अगस्त को कांस्टेबल भर्ती के लिए आवेदन मांगे। जिसमें समान पात्रता परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर शामिल किया गया। याचिकाकर्ता पूर्व में समान पात्रता परीक्षा पास कर चुकी है। ऐसे में उन्हें कांस्टेबल भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता गर्भवती और प्रसूता है। इसलिए उनके लिए फिलहाल दक्षता परीक्षा देना संभव नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पूर्व में विभाग में प्रार्थना पत्र पेश कर दक्षता परीक्षा बाद में लेने का निवेदन किया गया, लेकिन विभाग ने याचिकाकर्ताओं को तय तिथि पर ही दक्षता परीक्षा में शामिल होने को कहा। जबकि याचिकाकर्ताओं को मातृत्व लाभ अधिनियम के प्रावधानों के तहत लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा विवाहित महिला का यह प्राकृतिक अधिकार है कि वह मातृत्व सुख हासिल करे। इसलिए उनकी दक्षता परीक्षा उनके फिट होने के बाद लिया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि यदि याचिकाकर्ता गर्भवती थी तो उन्हें भर्ती के लिए आवेदन नहीं करना चाहिए था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने उनके फिट होने पर दक्षता परीक्षा लेने को कहा है।

शोक सन्देश

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री प्रेम प्रकाश शर्मा** (माटोलिया) पुत्र स्व. श्री द्वारका प्रसाद शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 23.12.2023 को हो गया है।

शोकाकुल- सुमित्रा देवी (धर्मपत्नी), जगदीश-सुमन (भाई-भाभी), मुकेश-मेघा, तरूण-अनुपमा (पुत्र-पुत्रवधु) सरोज-संजय, मीनाक्षी-मनोज (पुत्री-दामाद), तनिशा (पौत्री), गर्वित (पौत्र) एवं समस्त माटोलिया परिवार, निवास स्थान- शर्मा सदन, प्लॉट नं. 2 रेल्वे द्वारकापुरी, झोटवाडा, जयपुर

तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे प्रिय पूजनीय **श्री मंगलराम मीना** पुत्र श्री पांचूराम मीना का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 27.12.2023 (बुधवार) को हो गया। उनकी बैठक शुक्रवार 29.12.2023 को 2.00 से 4.00 बजे तक निवास स्थान-101-ए, गोपाल विहार, प्रेमनगर, पुलिया के पास, पालडी मीणा, आगरा रोड जयपुर पर होगी।

शोकाकुल- बरदी देवी (पत्नी), कल्याण सहाय मीना, प्रभूदयाल मीना, चंदालाल मीना, नंदलाल, चिरंजी, महेश, रामप्रसाद, राजेश, शंकर (पुत्र) एवं समस्त चांदा परिवार।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री कन्हैयालाल कानखेडिया** (गार्ड साहब) दौसा वाले का स्वर्गवास दिनॉंक 27.12.23 को हो गया, तीये की बैठक दिनॉंक 29.12.2023 को सायं 4 से 5 बजे माधव पार्क, किसान मार्ग, बरकत नगर, जयपुर पर होगी।

शोकाकुलः श्री रामजी लाल, डा. आर.के. वर्मा श्री मदन लाल (भ्राता), राकेश, नरेश, योगेश (पुत्र), बबीता-कैलाश (पुत्री- दामाद), मृदुल, जयेश, तुषार, चंचल, कनिष्का (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त कानखेडिया परिवार मोबाइल न. 9460363972, 9414360744

वकीलों की भूमिका पर दृष्टिकोण साझा किया धनखड़ ने

जयपुर, (का.प्र.)। ऑल राजस्थान जाट एडवोकेट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ अध्यक्ष बलराम जाखड़ व महासचिव नरेन्द्र चौधरी ने आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।

जाखड़ व नरेन्द्र चौधरी से बैठक में धनखड़ ने अधिवक्ताओं की भूमिका पर अपना दूरदर्शी दृष्टिकोण साझा किया। धनखड़ ने कहा कि न्याय प्रदान करने की दिशा में लगन से काम करने वाले अधिवक्ताओं का महत्व साझा किया। एसोसिएशन और धनखड़ के बीच सहयोगात्मक बातचीत हुई जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग जिम्मेदारी से किया जाता है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्थापना दिवस मनाया

जयपुर, (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इसी के साथ कांग्रेसजनों की और से प्रदेशभर में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील शर्मा की ओर से किए गए ध्वजारोहण में उपस्थित कांग्रेसजनों ने कांग्रेस ध्वज को सलामी देते हुये महात्मा गांधी के दिखाये मार्ग पर चलते हुये लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, पूर्व मंत्री डॉ. महेश जोशी, प्रतापसिंह खाचरियावास, आरसीए के चेयरमेन वैभव गहलोत, पूर्व सांसद अश्कअली टाक, डॉ. कर्णसिंह यादव, नमोनारायण मीणा, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, संगठन महासचिव ललित तूनवाल, महासचिव रामसिंह कस्वा, जसवंत गुर्जर, स्वर्णिम चतुर्वेदी, देशराज मीणा, आर. सी. चौधरी, फूलसिंह ओला, सचिव अय्यूब खान, मुकेश वर्मा, तारा बेनीवाल, अनीता मीणा, डॉ.राजेन्द्र प्रसाद मीणा, रामजीलाल शर्मा, अजय अग्रवाल, हरिसिंह रूण्डला, जयकिशन, शकुन्तला शर्मा, राजेश अत्री, राजीव अरोड़ा, राजकुमार शर्मा, जाकिर बुलन्द सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

समीर बाबेल बने अध्यक्ष

जयपुर, (का.सं.)। पर्यटन विभाग द्वारा राजस्थान को माइस टूरिज्म डेस्टिनेशन के तौर पर प्रमोट किया जा रहा है। वर्ष 2024 में पर्यटन विभाग इवेंट मैनेजर्स के साथ मिलकर विभिन्न थीम पर रोड शो आयोजित करेगा और राज्य को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन के संदर्भ में सेफ, सस्टेनेबल व रेस्पॉन्सिबल स्टेट के तौर पर बढ़ावा दिया जाएगा। यह कहना था राजस्थान सरकार के पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ का। वे एसोसिएशन ऑफ इवेंट एंटरप्रेन्योर्स (एईई) की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं।

सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में उन्होंने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इनमें समीर बाबेल प्रेसीडेंट, राजेश जैन व अमितेश तालुका सचिव तथा श्रद्धा बिहानी व विक्रांत जैन कोषाध्यक्ष चुने गए हैं।

देवनानी ने विधान सभा के कक्षों में जाकर जानकारी ली

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को विधानसभा पहुँचकर विधान सभा सदन, सचिवालय के विभिन्न कक्षों, पुस्तकालय, सदन की विभिन्न दीर्घाओं और विधानसभा परिसर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने देवनानी को विभिन्न शाखाओं में किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। देवनानी ने विधानसभा अधिकारियों व कर्मचारियों के कक्षों में जाकर सभी से परिचय लिया एवं विधानसभा सचिवालय की शाखाओं में किये जा रहे कार्यों के बारे में अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी ली। देवनानी ने विधानसभा के परिसर को देखा और वहां किये जाने वाले परिवर्तनों के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। देवनानी विधानसभा के पुस्तकालय में भी गये। उन्होंने पुस्तकों, समाचार पत्रों व पत्रिकाओं तथा वहां अध्ययन करने आने वाले लोगों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए।

देवनानी ने सदन के ऑडियो-वीडियो कन्ट्रोल रूम से यूटयूब पर संचालित किये जाने वाले सदन के सजीव प्रसारण के बारे में भी जानकारी ली।

देवनानी ने कार्यालय में बैठकर विभिन्न पत्रावलियों का निस्तारण किया। उन्होंने विधानसभा में किये जाने वाले नवाचारों के बारे में भी अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

हनुमान की अंधेरी जिंदगी में आया उजाला

जयपुर, (का.सं.)। मोतियाबिंद के कारण अब तक मुश्किल जिंदगी जी रहे जयपुर के हनुमान भावरिया की जिंदगी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की संवेदनशीलता के कारण खुशियां लौट आई हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर की सांगानेर तहसील के अजयराजपुरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं सुशासन दिवस कैम्प का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां हनुमान भावरिया ने मुख्यमंत्री से परेशानियों के बारे में बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ऑपरेशन के निर्देश दिए।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी छह माह बाद भी फरार

- न्याय पाने के लिए पीड़िता परिवार सहित धरने पर बैठने की तैयारी कर रही है

अलवर, (निसं)। एक चौदह साल की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता जो पिछले छह माह से न्याय की बाट जो रही है लेकिन उसे राजनीति षड़यंत्र के चलते आज तक न्याय नहीं मिल पाया।

पीड़िता ने बडे विश्वास के साथ पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा से न्याय की गुहार लगाई लेकिन वह भी दो माह के बाद तक पूरी नहीं हो पाई अब बालिका को भाजपा सरकार पर न्याय का विश्वास है अब न्याय पाने के लिए पीड़िता परिवार सहित धरने पर बैठने की तैयारी कर रही है।

मामला रामगढ थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां करीब छह माह पूर्व दो आरोपी चौदह वर्षीय बालिका को रात के अंधेरे में घर से उठा कर ले गए और दोनों आरोपियों ने उसके साथ गलत काम किया और बेहाशी की हालत में बालिका को छोड़ कर फरार हो गए। सुबह लड़की को उसके परिजनों ने बेहोशी की हालत में जानवरों के झोपडे में पड़ा पाया। होश में आने पर बालिका ने आपबीती बताई और मामला रामगढ थाने पर 2 जुलाई 2023 को दर्ज हुआ जिसकी जांच सीओ को सौंपी गई।

पुलिस ने एक आरोपी को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन दूसरे आरोपी को पुलिस ने आज तक गिरफ्तार नहीं किया है। इस संदर्भ में करीब दो माह पूर्व पीड़िता ने अलवर एसपी से भी बडे विश्वास के साथ न्याय की गुहार लगाई लेकिन अलवर एसपी भी मासूम को न्याय दिलाने में आज तक नाकाम रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष रहे हरिशंकर भाभड़ा के स्वास्थ्य का हाल जानने रूंगटा हॉस्पिटल पहुंचे। परिजनों और चिकित्सकों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगड़ी साथ रहे।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2433 दिनांक-28.12.2023

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 111/137, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 107.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री इस्लामुद्दीन पुत्र श्री मोहम्मद बख्श लोहार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 2216 दिनांक 22.09.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 24.02.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 4099 दिनांक 30.09.1999 के द्वारा श्री मनोहर लाल जैतवाल पुत्र श्री हीरा लाल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 28.03.2000 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री मनोहर लाल जैतवाल की मृत्यु दिनांक 11.09.2023 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री मुकेश कुमार जैतवाल पुत्र स्व. श्री मनोहर लाल जैतवाल ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विशिष्ट प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्री मुकेश कुमार जैतवाल पुत्र स्व. श्री मनोहर लाल जैतवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर-195/213 सेक्टर-19 प्रताप नगर, द्वारकापुरी, सांगानेर, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर सम्पूर्ण को राजस्थान हाउसिंग बाई द्वारा सर्वप्रथम श्री अवनेन्द्र कुमार शर्मा को परपिच्यूल लीड एवं कन्वेंसडीड दिनांक 03.03.2006 ईस्वी को आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्री अवनेन्द्र कुमार शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 19.01.2012 ईस्वी को जयपुर में हो गया था। इनके स्वर्गवास के पश्चात इनकी पत्नी श्रीमती सुमन देवी शर्मा एवं चार पुत्रान श्री नलिन शर्मा, श्री अखिल, श्री रितिक शर्मा एवं मोहित शर्मा इनके अलावा स्व. श्री अवनेन्द्र कुमार शर्मा के अन्य कोई वारिसान व उत्तराधिकारी नहीं है। जो कि स्व. श्री अवनेन्द्र कुमार शर्मा के चार पुत्रान श्री नलिन शर्मा, श्री अखिल, श्री रितिक शर्मा एवं मोहित शर्मा उक्त वर्णित प्लाट नम्बर 195/213 का अपने-अपने 1/4-1/4 हिस्से का त्याग अपने भाई श्री अखिल शर्मा को एक हकत्याग पत्र निष्पादित कर दिया। तश्धात मैंने अपने छोटे भाई श्री रितिक शर्मा को उक्त दोनों कागजात फोटो कॉपी के लिए दिये थे। उक्त कागजात फोटो कॉपी से पूर्व ही कहीं गुम हो गये। तत्पश्चात मेरे अभिभाष्या श्री अखिल शर्मा द्वारा आई.के.एफ. फायनेन्स लिमिटेड से गृह ऋण ले रहे है तथा उक्त ऋण बाबत किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक या अन्य किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर मियाद 07 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।

सुरेश चन्द शर्मा, एडवोकेट, मो. 921318413
एडी/7ए, देवी मार्ग बनीपार्क, जयपुर-302016

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर E-1/384 चित्रकूट योजना, जयपुर का आवंटन पत्र दिनांक 13.09.1996 एवं श्री महेश कुमार जिंदल द्वारा श्री अनिल कुमार उपाध्याय के पक्ष में निष्पादित मुख्त्यारनामाआम जिसका पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर तृतीय के यहां दिनांक 15.12.2006 को पुस्तक संख्या 4, जिल्द संख्या 34 में पृष्ठ संख्या 148 क्रम संख्या 2006053000427 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 4 जिल्द संख्या 91 के पृष्ठ संख्या 440 से 449 पर चस्पा किया गया। कहीं खो गये है। उक्त आवंटन पत्र खोने के संबंध में एक ऑनलाईन पुलिस इनफोरमेशन रिपोर्ट एलआर 1234703/2021 दिनांक 22.10.2021 को दर्ज कराई गई थी तथा उक्त मुख्त्यारनामाआम खोने के सम्बन्ध में एक ऑनलाईन पुलिस इनफॉरमेशन रिपोर्ट एलआर 2029227/2023 दिनांक 23.12.2023 को दर्ज कराई गई है। उक्त प्लाट को टेकओवर के ऋण हेतु भारतीय स्टेट बैंक आरएसीपीसी जयपुर में आवेदन किया है। यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में संपर्क करे, बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नही होगी।

(दीपक पारीक) अधिवक्ता Mobile No - 94142 38509

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं. 29, संग्राम कॉलोनी, सी-स्कीम, जयपुर की प्रथम मंजिल पर निर्मित भवन के दक्षिणी हिस्से की बिना भूतल और द्वितीय मंजिल के अधिकारों के मय सीढियों के उपयोग व भूतल पर 10 फुट X 19 फुट पार्किंग स्पेस की कब्जेधारी एकल स्वामिनी श्रीमति सुषमा आंचलिया पत्नी श्री अजय कुमार आंचलिया है जो कि उनको उनके पति श्री अजय कुमार आंचलिया से जरिये उपहार पत्र दिनांकित 04.09.2002 के जरिये प्राप्त हुई थी को बेचान करने का अनुबन्ध मेरे अभिभाष्य श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा, श्री प्रभात कुमार शर्मा व श्री प्रदीप कुमार शर्मा के साथ निष्पादित हुआ है। अतः उक्त सम्पत्ति को किसी भी रूप में क्रय न करें, न ही कोई डवलपमेन्ट अथवा कोलोब्रेशन एग्रिमेन्ट करें। उक्त सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, कम्पनी आदि का किसी भी प्रकार का कोई हक, हिस्सा, हित और अधिकार हो अथवा किसी को भी उक्त सम्पत्ति के क्रय विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से सात दिवस में मय प्रमाण लिखित में निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद उक्त सम्पत्ति पर विक्रेता का स्वामित्व स्वच्छ व विवाद रहित माना जावेगा तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीकृत करा लिया जावेगा।

प्रताप सिंह आर्य, अधिवक्ता
21 इन्दिरा नगर, गोपालपुरा मोड
टोंक रोड, जयपुर-302018 मो.नं. 9414260560

तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
कार्यालयः 2, हथरोई, अजमेर रोड, जयपुर

आम सभा सूचना

समिति के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 13 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय, 2, हथरोई, अजमेर रोड, जयपुर पर किया जाना निश्चित किया गया है जिसमें निम्न विषयों पर निर्णय लिया जाना है :-

1. गत साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि
2. अंकेक्षित लेखों की पुष्टि व अनुपालना
3. समिति की विवादास्पद योजनाओं के समाधान पर विचार।
4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

कोरम के अभाव में स्थगित बैठक नियम / उपनियमानुसार आयोजित की जावेगी जो उसी दिन उसी स्थान पर एक घन्टे उपरान्त प्रारम्भ की जावेगी। स्थगित बैठक में विचारणीय विषय उपरोक्तानुसार ही रहेंगे। दिनांक 28.12.2023

वास्ते तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
अध्यक्ष

खोया पाया

मेरे मकान 5-ख-22, नाहरी का नाका जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डिक्लेरेशन, अदेय प्रमाण पत्र नाहरी का नाका जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें- रमेश चौधरी 9828111733

मेरे जगदीश प्रसाद मीणा पुत्र कानाराम मीणा का प्लाट नं. 18, रूक्मणी नगर डी-5, सोसाइटी विकास भवन निर्माण सरकारी समिति लिमिटेड रजि.नं. 2071/एल का पट्टा, साइड प्लान, रसीद विजयपुरा, पुरानी चुंगी आगरा रोड जाते समय गुम हो गया। मिलने पर सम्पर्क-7014854349

मेरे Bajaj RJ-14-9M 0535 एवं RRR 9473 यह दोनों गाडीयाँ कबाडी को कटने के लिए बेची थी जिसको बेची थी उसकी आईडी एवं स्टाम्प कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-गोपाल लाल जैन-9314091162

म्यूचुअल हाउसिंग कॉपरेटिव सोसाइटी की योजना स्कीम नंबर-24 के प्लाट नं 64 REVISE PLOT NO. 68 रजत विहार दादी का फाटक जयपुर की सोसाइटी पट्टा रसीद जयपुर में खो गई हे सूचित करें। लता बढाया मो 9414769845

नाम परिवर्तन

मैं सेना क्रमांक 270315H रैंक हवलदार महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कल्याणपुरा पोस्ट जोधपुर तहसील पावटा जिला जयपुर। सेना सेवा रिकाई में मेरी बेटी का नाम Shiwani गलत दर्ज है। आधारकार्ड अनुसार सही नाम Shivani है।

मैंने अपना नाम स्नेहा पाण्डेय से बदलकर विवाहश्चात स्नेहा विवेक सैनी पत्नी विवेक सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें निवासी 2/301 विद्याधर नगर, जयपुर

मैं आशा शर्मा हाल निवासी बिरला सार्वजनिक अस्पताल, पिलानी यह सूचित करती हूँ कि मेरा सही नाम आशा शर्मा है। भूलवश जहाँ कहीं आशा हरित दर्ज हो गया हो उसे आशा शर्मा किया जाये। भविष्य में आशा शर्मा पत्नी गिरीश कुमार हरित के नाम से जाना जाये।

I have changed my name FEEROZA BANO To FIROZ BANO W/o Shafiq Ahmed for All Future purpose R/o 956, Gulzar Masjid, Topkhana Hazuri, Jaipur Raj.

I have changed my name from Alkesh Kumar Jain to Alkesh Jain S/o Padam Chand Jain R/o- 5-JHA-16-A, Jawahar Nagar, Jaipur-302004 for future purposes

I have changed my name from Preeti Agarwal to Priti Agarwal W/o Alkesh Jain R/o- 5-JHA-16-A, Jawahar Nagar, Jaipur-302004 for future purposes

I lali is legally wedded spouse of service no 10303318 Ex GDR/CK mohan lal R/O village post barli teh. chaksu district jaipur that have changed my name From LALI is wrong entered in service record To LALI DEVI GURJAR (DOB 5/8/1974) vide affidavit dated 26/12/2023 before district notary Jaipur